Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# भारत को समय रहते नेपाल की तरह बनाने होगें मजबूत तटबंध

**खतरा**

## काली नदी के वेग से हो रहा भू कटाव भारत के लिए बजा रहा है खतरे की घंटी

नदी का प्रंचड़ वेग वर्तमान में पिछले कुछ समय से उपजाउ खेत तक बहा ले जा चुकी है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। काली नदी के प्रचंड़ वेग के चलते हो रहा भू कटाव अब भारत के लिए खासतौर पर खतरे की घंटी बजाता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक भारत नेपाल की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के बीच सैकड़ों एकड जमीन के नदी में समाने की जानकारी हाथ लगी है। नदी का प्रंचड़ वेग वर्तमान में पिछले कुछ समय से उपजाउ खेत तक बहा ले जा चुकी है। बता दें कि काली नदी भारत और नेपाल सीमा पर सीमा का निर्धारण करती है। वर्तमान में खनन माफियाओं के द्वारा चोरी छिपे खनन की वारदात किये जाने से काली नदी का वेग भारत की ओर



खासा तेजी से बड़ा हुआ देखा जा सकता है।

पिछले कुछ समय से नदी की भारतीय सीमा पर टापू बने हुए ग्रफ देखने को मिल रहे है। कालापानी से निकलने वाली काली नदी का वेग अब भारत के लिए चिंता का विषय बनने लगा है। नेपाल में जहां एक ओर मजबूत तटबंध होने व खनन में रोक लगने की वजह खतरा कम है मगर भारत में परिस्थितियां खासी विपरीत देखने को मिल रही है।

काली नदी के किनारे बसे स्थानीय गांवों के ग्रमीणों ने मीडिया को जानकारी दी है कि वर्तमान में काली नदी खासतौर पर भारतीय क्षेत्रों की ओर गहरी होते दिख रही है यह अब संकेत भारत के लिए ठीक नही लग रहे है।

सीमात में बसे ग्रमीणों का साफ साफ कहना है कि यदि नदी में हो रहे अवैध खनन पर रोक नही लगाई गई तो आने वाले समय में यह खतरा खासतौर पर बेहद तबाही लेकर आयेगा। वही समा पर बसे जौलजीवी, धारचूला ,झूलाघाट, पंचेश्वर व टनकपुर और बनबसा की आबादी को अपनी खेती , बागवानी से हाथ धोना पड़ेगा। वही ये खतरा तबाही का मंजर भी लाने में देरी नही करेगा। इस मामले पर सेवानिवृत्त महानिदेशक जीएसआई त्रिभुवन सिंह पांगती ने भी माना है कि काली नदी का वेग इस तरह बढ़ता रहा तो यह भारत के बेहद चिंता का विषय है। साल 2013 में जो सर्वे मेरी टीम ने किया था उसने भी उस समय यहां पर भारत को नेपाल की तरह नदियों में अवैधखनन पर रोक लगाने की मांग व मजबूत तटबंध बनाने के लिए प्रेरित किया था।

## न्यूज डायरी

### पुंछ में आतंकी मुठभेड़ मे सूबेदार अजय रौतेला लापता

**संवाददाता** नई टिहरी। पुंछ में आतंकियों के साथ चल रही मुठभेड़ में नरेंद्रनगर ब्लाक के रामपुर खाड़ी गांव के रहने वाले आर्मी में सुबेदार अजय रौतेला पुत्र स्व अब्बल सिंह रौतेला मिसिंग चल रहे हैं। उनकी मिसिंग को लेकर गांव में दुखद माहौल बना हुआ है। यह जानकारी देते हुये अजय रौतेला के चाचा हरपाल रौतेला ने बनाया है, अभी तक सेना की ओर से उन्हें अजय को लेकर कोई ठोस सूचना नहीं मिली है। साथियों के द्वारा सूचना दी गई है कि पूंछ में अजय मिसिंग हैं, उन्हें गोली भी लगी है। मिसिंग की खबर सुनते ही देहरादून में रहने वाला परिवार भी आहत है। शहीद के भाई शिक्षक दीपक रौतेला ने बताया कि अजय के परिवार में तीन बेटे और पत्नी है। आफ द रिकार्ड शहीद होने की सूचना आ रही है।

### तुंगनाथ घाटी में अवैध कब्जे, खनन और निर्माण की जांच पड़ताल की मांग की

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। केदारघाटी सामाजिक आर्थिक विकास मंच के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शंकर प्रसाद तिवारी ने तुंगनाथ घाटी में अवैध कब्जे, खनन और निर्माण की जांच पड़ताल की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ ही जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री एवं डीएम को दिए ज्ञापन में केदारघाटी सामाजिक आर्थिक विकास मंच के संयोजक शंकर प्रसाद तिवारी ने कहा कि तुंगनाथ घाटी धार्मिक और आध्यात्मिक का केंद्र है। यहां सुंदर और हरे भरे बुग्यालों में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ का धाम होने के चलते हर साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शनों को आते हैं किंतु यहां के धार्मिक महत्व और सुंदरता को प्रभावित किया जा रहा है। चोपता, दुगलबिट्टा, बनियाकुंड में अवैध कब्जे किए जा रहे हैं।

### महिंद्रा ने मनोज बाजपेयी को कृष–ईसूइट के रिलीज के लिए नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया

**संवाददाता** हरिद्वार। महिंद्रा के न्यू 'फार्मिंग एज ए सर्विस' (एफएएएस) बिजनेस, कृष–ई ने आज अपनी पहली डिजिटल वीडियो कमर्शियल (डीवीसी) फिल्म के लॉन्च के साथ कृष–ई ऐप और कृष–ई निदान ऐप जारी करने की घोषणा की। नए डीवीसी में कृष–ई ऐप के अनूठे लाभों को बताया गया है और इस डीवीसी में देश के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक, मनोज बाजपेयी हैं, जिनकी पारिवारिक जड़ें खेती–किसानी से जुड़ी हैं। किसान अपने कृषि कार्यों की योजना बनाते और उसे क्रियान्वित करते समय जिन चुनौतियों का सामना करता है, डीवीसी उन चुनौतियों को दर्शाता है और ऑडियो तथा वीडियो कॉन्टेंट का उपयोग करते हुए कृष–ई ऐप के अनूठे लाभों के बारे में बताता है।

## जनसम्पर्क समाज को जोड़ने में सबसे महत्वपूर्ण: निशंक

**संवाददाता** देहरादून। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने पूरे भारतवर्ष के मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय जनसम्पर्क मास कम्युनिकेशन अभिविन्यास कार्यक्रम के समापन समारोह में डा. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व शिक्षा मंत्री, भारत सरकार आनलाइन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने आनलाइन कार्यक्रम मे पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के समस्त चौप्टरों को बधाई देते हुए कहा कि पीआरएसआई पूरे देश में जनसम्पर्क के क्षेत्र मे प्रभावी काम कर रहा है और समाज को जोड़ने में जनसम्पर्क सबसे महत्वपूर्ण विधा है। यह एक शुभ अवसर है जब पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के द्वारा पीआर और मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ये १५ दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम सफल हुआ है।

पिछले 15 दिनों में देश के विभिन्न संस्थानों और विश्व विद्यालयों के जाने माने प्रोफ़ेसरों ने विभिन्न शैक्षणिक और सामयिक विषयों पर अपने ज्ञान की ज्योति से सभी विद्यार्थियों को आलोकित किया। देश के कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने भारत में नई शिक्षा नीति लागू की जो देश के विद्यार्थियों और युवा शक्ति में एक नई आशा और ऊर्जा का संचार कर रही है । नई शिक्षा नीति देश की जड़ों से जुड़ी हुई है। नई शिक्षा नीति प्रभावी, संवादात्मक, नवप्रवर्तनशील, समावेशी, आविष्कारिक है, इसमे नवाचार भी है,प्रौद्योगिकि भी है और यह हमे हमारी मातृभाषा से भी जोड़ती है।



## प्रगतिशील महिला किसानों को सम्मानित किया

**संवाददाता** नई टिहरी। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र रानीचौरी में प्रगतिशील महिला किसानों को सम्मानित करने का काम किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन मठियाली गांव में किया गया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान विमला देवी ने की। केवीके के डा आलोक येवले ने कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी ने मृदा संरक्षण फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में इस मौके पर जानकारी दी। महिला किसानों से खेती के महत्त्व, समानता एवं सशक्तिकरण के विषय चर्चा करते हुये कहा कि महिला किसान भी बेहतर कर मुकाम बना सकती हैं। खेती का वैज्ञानिक तरीके से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। नवीन तड़ियाल ने एकीकृत फसल प्रबंधन साथ ही जैविक खेती की पद्धति के बारे में बताया कार्यक्रम में तकनीकी अधिकारी उदय सिंह ने मृदा स्वास्थ का कार्ड योजनाएं के बारे में बताया साथ ही कृषि विभाग की चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं की जानकारी साझा की।

## भाजपा के चुनाव सह प्रभारी ने चुनावी तैयारियों को लेकर ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून/हल्द्वानी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी राष्ट्रीय प्रवक्ता आर० पी० सिंह के दो दिवसीय प्रवास पर पहली बार जिला नैनीताल पहुंचने पर हल्द्वानी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आज सुबह लालकुआं विधानसभा के सुल्ताननगरी में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जीवन आर्या के आवास में जलपान करने के बाद चुनाव सह प्रभारी आर पी सिंह ने भाजपा कुमाऊँ संभाग कार्यालय, हल्द्वानी में तीन सत्रों में हल्द्वानी विधानसभा, कालाढूंगी विधानसभा और लालकुआं विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर



बैठक की।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई, बैठक में आरपी सिंह ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सुझाव दिए और उनसे सुझाव भी लिए। इस दौरान चुनाव सह प्रभारी आर पी सिंह ने सभी पदाधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से 2022 के चुनावो हेतु जुटने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर प्रदेश में एक बार पुनः भाजपा की भारी बहुमत की सरकार बनेगी।

प्रदेश चुनाव सह प्रभारी श्री आरपी सिंह ने पदाधिकारियों को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद रखने, तथा अपने बूथ को मजबूत करने पर जोर देना है। पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार के जनहित और विकास कार्यो का प्रचार प्रसार करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, विधायक नवीन दुमका, मेयर जोगेंद्र रौतेला, जिला प्रभारी पुष्कर काला, प्रदेश मंत्री राजेन्द्र बिष्ट सहित प्रदेश, जिले और मंडलो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र हार्दिक गर्ग ने हरिद्वार में किया टॉप

**संवाददाता** हरिद्वार। जनपद हरिद्वार में आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र हार्दिक गर्ग ने प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस 2021 के परिणाम में प्रभावशाली एयर 89 हासिल करके संस्थान और शहर को गौरवान्वित किया है , जो कि यह उनके माता–पिता और संस्थान के पूरे स्टाफ के लिए उत्साह जनक है।नतीजे आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए।उन्होंने दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा माने जाने वाले आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश इंस्टीट्यूट में दाखिला लिया। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की कुलीन सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के उनके प्रयासों और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। "मैं आभारी हूं कि आकाश इंस्टीट्यूट ने दोनों में मेरी मदद की है। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के बिना, मैं कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाता, "उन्होंने कहा।